**INTELLIGENCE BUREAU**

(Ministry of Home Affairs)

Government of India

| | |
|---|---|
| Test Date | 16/09/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:00 AM |
| Post Name | ASSISTANT CENTRAL INTELLIGENCE OFFICER-GRADE-II/EXECUTIVE |

Section : **Current Affairs**

| | |
|---|---|
| Q.1 | टाइगर ट्रायम्फ (Tiger Triumph) 2025 अभ्यास कहाँ प्रारंभ हुआ? |
| Ans | ✗ 1. हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स, पश्चिम बंगाल |
| | ✗ 2. नौसेना डॉकयार्ड, कोच्चि |
| | ✗ 3. चेन्नई बंदरगाह, चेन्नई |
| | ✓ 4. नौसेना डॉकयार्ड, विशाखापट्नम |

| | |
|---|---|
| Q.2 | अमेरिका स्थित एक स्वतंत्र थिंक टैंक, 'द फ्यूचर ऑफ फ्री स्पीच (The Future of Free Speech)' द्वारा 2025 में प्रकाशित एक वैश्विक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, 'फ्री स्पीच इंडेक्स' में भारत 33 देशों में से _______वें स्थान पर है। |
| Ans | ✗ 1. 29 |
| | ✗ 2. 12 |
| | ✗ 3. 18 |
| | ✓ 4. 24 |

| | |
|---|---|
| Q.3 | मई 2025 में, राजस्व विभाग के नए सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया? |
| Ans | ✗ 1. अनुराधा शर्मा |
| | ✓ 2. अरविन्द श्रीवास्तव |
| | ✗ 3. राजेश कुमार |
| | ✗ 4. राजीव गौबा |

| | |
|---|---|
| Q.4 | विश्व बैंक की GEP जनवरी 2025 रिपोर्ट के अनुसार, लॉजिस्टिक्स सुमन्नतियों और कर प्रणाली सुधारों के कारण किस भारतीय क्षेत्र का पुनरोद्धार हो रहा है? |
| Ans | ✗ 1. खुदरा |
| | ✗ 2. कृषि |
| | ✗ 3. शिक्षा |
| | ✓ 4. विनिर्माण |

| | |
|---|---|
| Q.5 | मनोहर जोशी (मरणोपरांत) को किस क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया? |
| Ans | ✗ 1. व्यापार और उद्योग |
| | ✓ 2. लोक कार्य |
| | ✗ 3. सामाज कार्य |
| | ✗ 4. आयुर्विज्ञान |

| | |
|---|---|
| Q.6 | 1 मार्च 2025 तक की स्थिति के अनुसार फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन - ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम (FTI-TTP) भारत के कितने प्रमुख हवाई अड्डों पर कार्यान्वित किया गया है, जहां यदि किसी यात्री ने पहले से ही सभी आवश्यक जानकारी भर दी है, तो स्क्रीनिंग प्रक्रिया केवल 30 सेकंड में पूरी हो जाती है? |
| Ans | ✗ 1. छह |
| | ✗ 2. तीन |
| | ✓ 3. आठ |
| | ✗ 4. पाँच |

| | |
|---|---|
| Q.7 | महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर केंद्रित, STREE शिखर सम्मेलन 2025 किस भारतीय शहर में आयोजित किया गया? |
| Ans | ✗ 1. भोपाल |
| | ✗ 2. लखनऊ |
| | ✗ 3. मुंबई |
| | ✓ 4. हैदराबाद |

| Q.8 | फरवरी 2025 में किस प्रशांत द्वीपीय देश ने रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से चीन के साथ अपने राजनयिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत किया, जिसके कारण न्यूज़ीलैंड में चिंताएं बढ़ गईं हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. टोंगा |
| | ✗ 2. फिजी |
| | ✗ 3. समोआ |
| | ✓ 4. कुक आइलैंड्स |

| Q.9 | वर्ष 2025 में, डीप ओशन मिशन को क्रियान्वित करने के लिए, कौन-सी सरकारी संस्था उत्तरदायी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन |
| | ✗ 2. रक्षा मंत्रालय |
| | ✗ 3. नीति (NITI) आयोग |
| | ✓ 4. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय |

| Q.10 | आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में किए गए उल्लेख के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में कृषि क्षेत्र की अनुमानित वृद्धि दर कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 3.5% |
| | ✗ 2. 4.0% |
| | ✗ 3. 3.2% |
| | ✓ 4. 3.8% |

| Q.11 | अप्रैल 2025 में, पोषण पखवाड़ा 2025 के उद्घाटन वेबकास्ट को किसने संबोधित किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. डॉ. मनसुख मंडाविया |
| | ✓ 2. सवित्री ठाकुर |
| | ✗ 3. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी |
| | ✗ 4. अन्नपूर्णा देवी |

| Q.12 | भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, किस राज्य में क्षेत्रवार सबसे बड़ा वन और वृक्षावरण है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. अरुणाचल प्रदेश |
| | ✗ 2. हरियाणा |
| | ✓ 3. मध्य प्रदेश |
| | ✗ 4. नागालैंड |

| | |
|---|---|
| Q.13 | 2025 में भारत में दो नई जंपिंग स्पाइडर (jumping spider) प्रजातियों की पहचान कहां की गई? |
| Ans | ✗ 1. निकोबार द्वीप समूह |
| | ✓ 2. पश्चिमी घाट |
| | ✗ 3. वृहत हिमालय |
| | ✗ 4. दक्कन का पठार |

| | |
|---|---|
| Q.14 | 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2024 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया? |
| Ans | ✗ 1. आयुष्मान खुराना (Ayushmann Khurrana) |
| | ✗ 2. दुलकर सलमान (Dulquer Salmaan) |
| | ✗ 3. अल्लू अर्जुन (Allu Arjun) |
| | ✓ 4. ऋषभ शेट्टी (Rishab Shetty) |

| | |
|---|---|
| Q.15 | नए फॉर्मेट के तहत 2025 फीफा क्लब वर्ल्ड कप में कितनी टीमों ने भाग लिया? |
| Ans | ✗ 1. 24 |
| | ✗ 2. 36 |
| | ✓ 3. 32 |
| | ✗ 4. 28 |

| | |
|---|---|
| Q.16 | 2024 में, अंडर-8 वर्ल्ड कैडेट शतरंज चैंपियनशिप का खिताब किसने जीता था? |
| Ans | ✗ 1. आदित्य मित्तल |
| | ✗ 2. रौनक साधवानी |
| | ✗ 3. कविश पलानीप्पन |
| | ✓ 4. दिविथ रेड्डी |

| | |
|---|---|
| Q.17 | 2025 में पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण कब मनाया गया? |
| Ans | ✓ 1. 8 अप्रैल से 22 अप्रैल |
| | ✗ 2. 1 अप्रैल से 15 अप्रैल |
| | ✗ 3. 5 अप्रैल से 20 अप्रैल |
| | ✗ 4. 10 मार्च से 25 मार्च |

| Q.18 | जनवरी 2025 में, निम्नलिखित में से किसने खेल विकास के लिए पहली सीएसआर (CSR) गोलमेज बैठक की अध्यक्षता की? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. ओम बिड़ला |
| | ✗ 2. नरेंद्र मोदी |
| | ✗ 3. अनुराग ठाकुर |
| | ✓ 4. मनसुख मांडविया |

| Q.19 | जनवरी 2025 में, गोवा मुक्ति आंदोलन में उनकी भूमिका के लिए पद्मश्री से किसे सम्मानित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. पवनीत सिंह चड्ढा |
| | ✗ 2. वामन सरदेसाई |
| | ✗ 3. एंटोनियो सालाजार |
| | ✓ 4. लीबिया लोबो सरदेसाई |

| Q.20 | 2024 सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल का ख़िताब किसने जीता? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. पी.वी. सिंधु |
| | ✗ 2. कैरोलिना मारिन |
| | ✗ 3. तसनीम मीर |
| | ✗ 4. मालविका बंसोड़ |

Section : **General Studies**

| Q.1 | हड़प्पा वास्तुकला के धोलावीरा स्थलों की अधिकांश इमारतों की नींव के निर्माण के लिए मुख्य रूप से किस सामग्री का उपयोग किया गया था? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. पत्थर (Stones) |
| | ✗ 2. बलुआ पत्थर (Sandstone) |
| | ✗ 3. ग्रेनाइट (Granite) |
| | ✗ 4. ईंटें (Bricks) |

| Q.2 | भारत के बंगाल क्षेत्र में पाल राजवंश की स्थापना किसने की? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. महीपाल |
| | ✓ 2. गोपाल |
| | ✗ 3. धर्मपाल |
| | ✗ 4. मिहिरकुल |

| | |
|---|---|
| Q.3 | **भारतीय अर्थव्यवस्था में 'रिफॉर्म विद् ए ह्यूमन फेस (reforms with a human face)' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?** |
| Ans | ✗ 1. कल्याण में राज्य का एकाधिकार (State monopoly in welfare) |
| | ✗ 2. समावेशन पर संवृद्धि को प्राथमिकता (Growth prioritised over inclusion) |
| | ✓ 3. इक्विटी-केंद्रित उदारीकरण (Equity-focused liberalisation) |
| | ✗ 4. ट्रेड-फर्स्ट रणनीति (Trade-first strategy) |

| | |
|---|---|
| Q.4 | **सर्वोच्च न्यायालय के किस मामले में यह निर्णय दिया गया कि मौलिक अधिकारों और नीति निर्देशक सिद्धांतों के बीच सामंजस्य बनाए रखा जाना चाहिए?** |
| Ans | ✗ 1. इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ (1992) |
| | ✗ 2. मद्रास राज्य बनाम चंपकम दोरायराजन (1951) |
| | ✗ 3. गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य (1967) |
| | ✓ 4. मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ (1980) |

| | |
|---|---|
| Q.5 | **42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा, निम्नलिखित में से कौन-सी प्रमुख विशेषता प्रस्तुत की गई थी?** |
| Ans | ✓ 1. प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों का समावेशन |
| | ✗ 2. संसद की शक्तियों को सीमित करना |
| | ✗ 3. निर्देशक सिद्धांतों का विलोपन |
| | ✗ 4. न्यायिक समीक्षा को सुदृढ़ करना |

| | |
|---|---|
| Q.6 | **महात्मा गांधी द्वारा साप्ताहिक समाचार-पत्र हरिजन (Harijan) सर्वप्रथम __________ को प्रकाशित हुआ था।** |
| Ans | ✗ 1. 11 जनवरी 1930 |
| | ✓ 2. 11 फ़रवरी 1933 |
| | ✗ 3. 11 जनवरी 1933 |
| | ✗ 4. 18 फ़रवरी 1932 |

| | |
|---|---|
| Q.7 | **सर्वोच्च न्यायालय द्वारा, निम्नलिखित में से किस अधिकार की व्याख्या अनुच्छेद 21 के भाग के रूप मेंहीं की गई है?** |
| Ans | ✗ 1. निजता का अधिकार |
| | ✓ 2. मतदान का अधिकार |
| | ✗ 3. आश्रय का अधिकार |
| | ✗ 4. विवाह का अधिकार |

| | |
|---|---|
| Q.8 | **भारत के पंचायती राज मंत्रालय का विजन और मुख्य उद्देश्य क्या था?** |
| Ans | ✗ 1. आयोजना और शासन को केंद्रीकृत करना |
| | ✗ 2. पंचायती राज वित्त का विनियमन करना |
| | ✓ 3. पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से विकेन्द्रीकृत और सहभागी स्थानीय स्वशासन प्राप्त करना |
| | ✗ 4. अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण विकास मॉडलों को लागू करना |

| | |
|---|---|
| Q.9 | **भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाकर औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 2014 में निम्नलिखित में से कौन-सी पहल शुरू की गई थी?** |
| Ans | ✗ 1. राष्ट्रीय विनिर्माण नीति |
| | ✓ 2. मेक इन इंडिया |
| | ✗ 3. कौशल भारत कार्यक्रम |
| | ✗ 4. अटल इनोवेशन मिशन |

| | |
|---|---|
| Q.10 | **भारतीय अर्थव्यवस्था में आर्थिक सुधारों के दौरान निम्नलिखित में से किस नीति ने विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम (FERA) को प्रतिस्थापित किया?** |
| Ans | ✗ 1. FIMC - विदेशी निवेश प्रबंधनसंहिता |
| | ✗ 2. FRMA - विदेशी मुद्रा भंडार अनुवीक्षण अधिनियम |
| | ✓ 3. FEMA - विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम |
| | ✗ 4. FIAC - विदेशी निवेश और लेखा परीक्षा संहिता |

| | |
|---|---|
| Q.11 | **पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम के लोक नृत्य को क्या कहा जाता है?** |
| Ans | ✓ 1. चेराव (Cheraw) |
| | ✗ 2. थांग ता (Thang Ta) |
| | ✗ 3. कोराव (Koraw) |
| | ✗ 4. होजागिरी (Hojagiri) |

| | |
|---|---|
| Q.12 | **विमानन क्षेत्र में कौन-सा रणनीतिक विनिवेश 21वीं सदी में भारत सरकार के निजीकरण प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम था?** |
| Ans | ✗ 1. एयर-एशिया इंडिया (AirAsia India) का लॉन्च |
| | ✗ 2. एयर इंडिया (Air India) की टाटा समूह को बिक्री |
| | ✓ 3. इंडियन एयरलाइंस (Indian Airlines) का एयर इंडिया में विलय |
| | ✗ 4. जेट एयरवेज (Jet Airways) का निजीकरण |

| | |
|---|---|
| Q.13 | **महानदी और कृष्णा नदियों के बीच स्थित पूर्वी तटीय मैदान के तटीय विस्तार को ________ कहा जाता है।** |
| Ans | ✗ 1. कोंकण तट |
| | ✗ 2. मालाबार तट |
| | ✗ 3. कोरोमंडल तट |
| | ✓ 4. उत्तरी सरकार तट |

| | |
|---|---|
| Q.14 | **आर्य समाज के संबंध में दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**<br><br>**1. यह मूलतः एक रूढ़िवादी आंदोलन था जिसने जाति-आधारित सामाजिक पदानुक्रम को बनाए रखा।**<br>**2. इसने मूर्ति पूजा का समर्थन किया।**<br>**3. इसने पौराणिक परंपराओं के समान कर्मकांडीय हिंदुत्व के पुनः प्रवर्तन को बढ़ावा दिया।**<br>**4. इसने शुद्धि आंदोलन की शुरुआत की।** |
| Ans | ✓ 1. केवल 4 |
| | ✗ 2. केवल 2 |
| | ✗ 3. केवल 1 |
| | ✗ 4. केवल 2 और 4 |

| | |
|---|---|
| Q.15 | **संवैधानिक उपचारों के अधिकार का महत्व निम्नलिखित में से किससे उत्पन्न होता है?** |
| Ans | ✗ 1. यह रोज़गार के अधिकार प्रदान करता है। |
| | ✗ 2. यह संपत्ति संबंधी अधिकारों की गारंटी देता है। |
| | ✓ 3. यह सुनिश्चित करता है कि नागरिक अपने मौलिक अधिकारों का प्रवर्तन करने के लिए अदालतों में याचिका दायर कर सकें। |
| | ✗ 4. यह मतदान के अधिकार को सुनिश्चित करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.16 | निम्नलिखित में से कौन-सा शासक, मैत्रक वंश से संबंधित था? |
| Ans | ✔ 1. ध्रुवसेन द्वितीय |
| | ✘ 2. अजातशत्रु |
| | ✘ 3. मिहिरकुल |
| | ✘ 4. नरसिंहवर्मन |

| | |
|---|---|
| Q.17 | निम्नलिखित वन्यजीव स्थलों का उनके संबंधित राज्यों से मिलान कीजिए।<br><br>सूची-I (वन्यजीव स्थल) सूची-II (राज्य)<br>A. बादलदार तेंदुआ राष्ट्रीय उद्यान 1. त्रिपुरा<br>B.मयूरझरना हाथी रिजर्व 2. पश्चिम बंगाल<br>C. लेमरू हाथी रिजर्व 3. छत्तीसगढ<br>D. चंद्रशेखर आज़ाद पक्षी अभयारण्य 4. उत्तर प्रदेश |
| Ans | ✔ 1. A-1, B-2, C-3, D-4 |
| | ✘ 2. A-3, B-2, C-1, D-4 |
| | ✘ 3. A-2, B-1, C-3, D-4 |
| | ✘ 4. A-1, B-3, C-2, D-4 |

| | |
|---|---|
| Q.18 | किस द्वीप को विश्व का सबसे बड़ा आवासित नदीय द्वीप कहा जाता है? |
| Ans | ✘ 1. अंडमान |
| | ✔ 2. माजुली |
| | ✘ 3. श्रीलंका |
| | ✘ 4. लक्षद्वीप |

| | |
|---|---|
| Q.19 | निम्नलिखित विशेषताओं के आधार पर भारत में किस प्रकार के वन का वर्णन किया जा रहा है?<br>यह उन क्षेत्रों में पाया जाता है जहां अक्टूबर से दिसंबर तक प्रतिवर्ष लगभग 100 cm वर्षा होती है, औसत तापमान लगभग 28°C और सापेक्ष आर्द्रता 74% होती है।<br>वनों में कम ऊंचाई वाले वृक्ष होते हैं जिनकी छतरियां 9 से 12 मीटर तक होती हैं<br>सामान्य वृक्ष प्रजातियों में टोडी पाम, कोक्को, जामुन, रीठा, खिरनी, इमली और नीम शामिल हैं |
| Ans | ✘ 1. उपोष्णकटिबंधीय शुष्क सदाबहार वन |
| | ✘ 2. उष्णकटिबंधीय आर्द्र पर्णपाती वन |
| | ✔ 3. उष्णकटिबंधीय शुष्क सदाबहार वन |
| | ✘ 4. उष्णकटिबंधीय आर्द्र सदाबहार वन |

| | |
|---|---|
| Q.20 | भारत में उष्णकटिबंधीय चक्रवातों और पश्चिमी विक्षोभों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?<br><br>1. भारत में उष्णकटिबंधीय चक्रवात आमतौर पर अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के ऊपर, विशेष रूप से दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम में, विकसित होते हैं।<br>2. कुछ उष्णकटिबंधीय चक्रवात लौटते मानसून या सर्दियों के महीनों में भी आते हैं।<br>3. पश्चिमी विक्षोभ बंगाल की खाड़ी के ऊपर उत्पन्न होते हैं और दक्षिणी भारत में भारी वर्षा लाते हैं।<br>4. पश्चिमी विक्षोभ भारत के उत्तरी भाग, विशेष रूप से पश्चिमी हिमालय में ग्रीष्मकालीन वर्षा और सूखे से संबंधित हैं। |
| Ans | ✗ 1. केवल 1, 2 और 3 |
| | ✓ 2. केवल 1 और 2 |
| | ✗ 3. केवल 2 और 4 |
| | ✗ 4. केवल 1 और 4 |

Section : **Numerical Aptitude**

| | |
|---|---|
| Q.1 | डेविड को पहले वर्ष में अपनी विक्रय राशि में 5% की वृद्धि और दूसरे वर्ष में 25% की वृद्धि मिलती है, जिससे उनकी वर्तमान विक्रय राशि ₹1,68,000 हो जाती है। दो वर्ष पहले उसकी विक्रय राशि (₹ में) कितनी थी? |
| Ans | ✗ 1. 1,60,000 |
| | ✗ 2. 1,08,000 |
| | ✗ 3. 1,34,400 |
| | ✓ 4. 1,28,000 |

| | |
|---|---|
| Q.2 | समीकरणों को हल करें तथा x, y और z का मान ज्ञात करें।<br><br>$2x + y + 4z = 8$<br>$2x + y + 3z = 14$<br>$2x + 3y + 4z = 12$ |
| Ans | ✗ 1. x = −15, y = 2, z = −6 |
| | ✓ 2. x = 15, y = 2, z = −6 |
| | ✗ 3. x = 15, y = −2, z = −6 |
| | ✗ 4. x = 5, y = 2, z = −6 |

| | |
|---|---|
| Q.3 | यदि 128 : y :: y : 8 है, तो y का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ 1. 32 |
| | ✘ 2. 28 |
| | ✘ 3. 33 |
| | ✘ 4. 36 |

| | |
|---|---|
| Q.4 | किसी कार्य को पूरा करने के लिए, A और B एकांतर दिनों में कार्य करते हैं, जिसमें A पहले दिन कार्य शुरू करता है। B अकेले उसी कार्य को 84 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि कार्य $29\frac{2}{5}$ दिनों में पूरा हो जाता है, तो अकेले A को मूल कार्य का $2\frac{9}{10}$ भाग पूरा करने में कितना समय (दिन में) लगेगा? |
| Ans | ✘ 1. 42.7 |
| | ✘ 2. 56.3 |
| | ✘ 3. 44.8 |
| | ✔ 4. 52.5 |

| | |
|---|---|
| Q.5 | नाव A बिंदु P से चलना शुरू करती है और स्थिर जल में 10 km/hr की चाल से बिंदु Q तक धारा की दिशा में यात्रा करती है। धारा की चाल 3 km/hr है। 2 घंटे बाद, नाव B उसी बिंदु P से चलना शुरू करती है और स्थिर जल में 12 km/hr की चाल से बिंदु Q की ओर धारा की दिशा में चलती है। नाव A बिंदु Q पर पहुँचते ही तुरंत वापस मुड़ जाती है और धारा की विपरीत दिशा में वापस लौटना शुरू कर देती है। नाव B धारा की दिशा में चलती रहती है। यदि दोनों नावें, नाव B के चलने के 6 घंटे बाद मिलती हैं, और यह मुलाकात नाव A की वापसी यात्रा के दौरान होती है, तो P और Q के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ 1. 94.9 km |
| | ✘ 2. 94.6 km |
| | ✘ 3. 93.6 km |
| | ✘ 4. 93.9 km |

| | |
|---|---|
| Q.6 | एक आदमी कुल ₹18 में 9 एकसमान वस्तुएँ खरीदता है। यदि वह उनमें से प्रत्येक वस्तु को ₹2.9 में बेचता है, तो उसका लाभ प्रतिशत _____% होगा। |
| Ans | ✘ 1. 46 |
| | ✔ 2. 45 |
| | ✘ 3. 31.03 |
| | ✘ 4. 32.03 |

| | |
|---|---|
| Q.7 | A, B और C की वर्तमान आयु का योग 283 वर्ष है। अब से 17 वर्ष पूर्व, उनकी आयु का अनुपात 10 : 8 : 11 था। C की वर्तमान आयु (वर्षों में) कितनी है? |
| Ans | ✗ 1. 108 |
| | ✗ 2. 106 |
| | ✗ 3. 104 |
| | ✓ 4. 105 |

| | |
|---|---|
| Q.8 | एक पाइप एक टंकी को 24 घंटे में भर सकता है। एक अन्य पाइप भरी हुई टंकी को 28 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी का $\frac{2}{3}$ भाग भरने में लगने वाला समय (घंटों में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 336 |
| | ✓ 2. 112 |
| | ✗ 3. 448 |
| | ✗ 4. 224 |

| | |
|---|---|
| Q.9 | एक वस्तु का क्रय मूल्य ₹440 है तथा अंकित मूल्य ₹660 है। यदि विक्रेता अंकित मूल्य पर 20% की छूट देता है, तो उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 18% |
| | ✓ 2. 20% |
| | ✗ 3. 17% |
| | ✗ 4. 21% |

| | |
|---|---|
| Q.10 | किसी व्यक्ति ने ₹54,500 का निवेश 12% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर 2 वर्षों के लिए किया है। 2 वर्ष बाद उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 68,580 |
| | ✗ 2. 14,080 |
| | ✗ 3. 13,080 |
| | ✓ 4. 67,580 |

| | |
|---|---|
| Q.11 | दूध और पानी के 120 लीटर मिश्रण में, दूध और पानी का अनुपात 2 : 3 है। इस मिश्रण से, 40 लीटर मिश्रण को दूध द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। यह प्रक्रिया एक बार और दोहराई जाती है। अंतिम मिश्रण में दूध की मात्रा (लीटर में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 58 |
| | ✓ 2. 88 |
| | ✗ 3. 68 |
| | ✗ 4. 78 |

| | |
|---|---|
| Q.12 | दिए गए व्यंजक को सरलीकृत कीजिए। $\left(\frac{27}{216}\right)^{\frac{2}{3}} \times \left(\frac{512}{729}\right)^{-\left(\frac{2}{3}\right)} \div \left(\frac{2}{7}\right)^{-2}$ |
| Ans | ✗ 1. $\frac{84}{3135}$ |
| | ✗ 2. $\frac{80}{3139}$ |
| | ✗ 3. $\frac{82}{3137}$ |
| | ✓ 4. $\frac{81}{3136}$ |

| | |
|---|---|
| Q.13 | एक कंपनी निम्नलिखित विभिन्न प्रकार की छूट योजनाएं प्रदान करती है।<br>नकद भुगतान करने पर 40% और 30% की दो क्रमिक छूट।<br>5 खरीदें 3 मुफ़्त पाएं।<br>8 खरीदें 5 मुफ़्त पाएं।<br>4 खरीदें 6 पाएं।<br>चारों योजनाओं की औसत छूट (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) कितनी है? |
| Ans | ✓ 1. 41.82% |
| | ✗ 2. 39.75% |
| | ✗ 3. 36.89% |
| | ✗ 4. 45.36% |

| | |
|---|---|
| Q.14 | एक व्यक्ति ₹63,500 की धनराशि, वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर उधार लेता है। प्रत्येक वर्ष के अंत में, वह आंशिक भुगतान के रूप में ₹5,800 का भुगतान करता है। ऐसी दो किस्तों के बाद भी उसे कितनी धनराशि का भुगतान करना शेष है? |
| Ans | ✔ 1. ₹64,655 |
| | ✘ 2. ₹64,692 |
| | ✘ 3. ₹64,765 |
| | ✘ 4. ₹64,775 |

| | |
|---|---|
| Q.15 | संख्या 706705 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है? |
| Ans | ✔ 1. 5 |
| | ✘ 2. 13 |
| | ✘ 3. 10 |
| | ✘ 4. 15 |

| | |
|---|---|
| Q.16 | 40 km/hr की चाल से चलने वाली कोई बस, किसी यात्रा को 18 घंटे में पूरा करती है। इसी दूरी को 16 घंटे में तय करने के लिए उसे किस चाल से चलना होगा? |
| Ans | ✔ 1. 45 km/hr |
| | ✘ 2. 48 km/hr |
| | ✘ 3. 47 km/hr |
| | ✘ 4. 46 km/hr |

| | |
|---|---|
| Q.17 | 3 पेन और 7 पेंसिल की कीमत ₹84 है तथा 8 पेन और 3 पेंसिल की कीमत ₹177 है। 3 पेन और 3 पेंसिल की कीमत कितनी है? |
| Ans | ✘ 1. ₹77 |
| | ✘ 2. ₹75 |
| | ✔ 3. ₹72 |
| | ✘ 4. ₹70 |

| Q.18 | कोई विद्यार्थी एक वर्ष में 4 विषय का चयन करता है, पहले सेमेस्टर के लिए भारांक (weights) और अंक (marks) नीचे दिए गए हैं। |
|---|---|

| विषय | भारांक | अंक |
|---|---|---|
| गणित | 0.3 | 85 |
| इतिहास | 0.2 | 90 |
| रसायन विज्ञान | 0.4 | 78 |
| अंग्रेज़ी | 0.1 | 95 |

दूसरे सेमेस्टर में, विद्यार्थी ने गणित और रसायन विज्ञान में 5-5 अंक अधिक और इतिहास और अंग्रेजी में 5-5 अंक कम प्राप्त किए, जबकि भारांक समान है। वर्ष का समग्र औसत कितना है?

| Ans | ✗ 1. 86.9 |
|---|---|
| | ✗ 2. 86.3 |
| | ✓ 3. 85.2 |
| | ✗ 4. 85.7 |

| Q.19 | एक वस्तु प्रारम्भ में ₹500 में बेची जाती है। मांग में वृद्धि के कारण इसकी कीमत पहले 20% बढ़ाई जाती है। उसके बाद, बढ़ी हुई कीमत पर 10% की त्यौहारी छूट दी जाती है। इसके बाद, नई छूट प्राप्त कीमत पर 5% की मौसमी छूट दी जाती है। हालांकि, अंतिम बिलिंग से पहले, छूट प्राप्त कीमत पर 2% का सेवा शुल्क जोड़ा जाता है, और सेवा शुल्क जोड़ने के बाद राशि पर 12% की दर से GST लगाया जाता है। ₹500 की मूल कीमत की तुलना में अंतिम बिल की गई कीमत (सभी करों और शुल्कों के बाद) में शुद्ध परिवर्तन (2 दशमलव स्थान तक सही) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. ₹86.25 |
| | ✗ 2. ₹76.05 |
| | ✓ 3. ₹86.05 |
| | ✗ 4. ₹76.75 |

| Q.20 | पांच क्रमागत अभाज्य संख्याएं A, B, C, D और E आरोही क्रम में हैं। यदि A × C × E = 1729 और B × C × D = 2431 है, तो E के बाद आने वाली अगली अभाज्य संख्या ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 29 |
| | ✗ 2. 19 |
| | ✗ 3. 31 |
| | ✓ 4. 23 |

Section : **Reasoning or Logical Aptitude**

| | |
|---|---|
| Q.1 | सात बक्से, I, J, K, L, B, C और D, एक दूसरे के ऊपर रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों।<br>L के ऊपर केवल K को रखा गया है। L और C के बीच केवल D को रखा गया है। B के नीचे केवल J को रखा गया है।<br>D और K के बीच कितने बक्से रखे गए हैं? |
| Ans | ✔ 1. एक |
| | ✗ 2. चार |
| | ✗ 3. दो |
| | ✗ 4. तीन |

| | |
|---|---|
| Q.2 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी तेल, क्रीम हैं।<br>सभी क्रीम, डिस्पेंसर हैं।<br>कुछ डिस्पेंसर, लोशन हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): कुछ तेल, लोशन हैं।<br>(II): कुछ क्रीम, लोशन हैं। |
| Ans | ✔ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |

| Q.3 | इस प्रश्न में, दो कथन I और II दिए गए हैं। ये कथन स्वतंत्र कारण या स्वतंत्र कारणों के प्रभाव या एक उभयनिष्ठ कारण हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।<br><br>कथन:<br>I. भारी बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया है।<br>II. स्थानीय बाजारों में सब्जियों की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है। |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. कथन I और II दोनों एक उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हैं। |
| | ✘ 2. कथन II कारण है और कथन I इसका संभावित प्रभाव है। |
| | ✘ 3. कथन I कारण है और कथन II इसका संभावित प्रभाव है। |
| | ✘ 4. कथन I और II दोनों स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं। |

| Q.4 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है'<br>'A − B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'<br>'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'<br>'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'<br>उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'C×V−R÷N+M' है, तो C का M से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. माता के पिता के भाई की पुत्री |
| | ✘ 2. माता की माता के भाई की पुत्री |
| | ✘ 3. माता की माता के भाई की पत्नी |
| | ✔ 4. माता के पिता के भाई की पत्नी |

| | |
|---|---|
| Q.5 | सात व्यक्ति, C, D, E, F, L, M और N, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>N के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N और L के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C, N के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। C और M के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, E के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन F के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।<br>D के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
| Ans | ✗ 1. एक |
| | ✗ 2. दो |
| | ✗ 3. चार |
| | ✓ 4. तीन |

| | |
|---|---|
| Q.6 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>53 57 66 82 107 ? |
| Ans | ✗ 1. 132 |
| | ✗ 2. 137 |
| | ✗ 3. 128 |
| | ✓ 4. 143 |

| | |
|---|---|
| Q.7 | एक प्रश्न के बाद I और II से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।<br><br>पांच दोस्तों D, F, G, J, और R की लंबाई अलग-अलग है। उनमें से कितने दोस्तों की लंबाई, D की लंबाई से अधिक है?<br>(I) J की लंबाई, D की लंबाई से अधिक है। G की लंबाई, F की लंबाई से अधिक है।<br>(II) R की लंबाई, G की लंबाई से अधिक है। G की लंबाई, D की लंबाई से अधिक है। |
| Ans | ✗ 1. कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। |
| | ✗ 2. कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। |
| | ✗ 3. कथन I और II दोनों एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। |
| | ✓ 4. कथन I और II दोनों एक साथ, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| Q.8 | एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।<br><br>सात डिब्बों A, B, P, T, V, X और Z को एक के ऊपर एक रखा गया, लेकिन जरूरी नहीं कि उनका क्रम यही हो। डिब्बा P और डिब्बा B के बीच कितने डिब्बों को रखा गया है?<br>(I) डिब्बा T के ठीक ऊपर तीन डिब्बों को रखा गया है। डिब्बा Z को नीचे से तीसरे स्थान पर रखा गया है।<br>(II) केवल डिब्बा X को डिब्बा B के नीचे रखा गया है। केवल डिब्बा V को डिब्बा P के ऊपर रखा गया है। |
| Ans | ✗ 1. कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। |
| | ✗ 2. कथन I और II दोनों एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। |
| | ✓ 3. कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। |
| | ✗ 4. कथन I और II दोनों एक साथ, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। |

| | |
|---|---|
| Q.9 | किसी विशिष्ट कूट भाषा में,<br><br>A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',<br>A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और<br>A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br><br>यदि 'W @ E – R + H % U' है, तो W का U से क्या संबंध है? |
| Ans | ✗ 1. पुत्री |
| | ✗ 2. भाई की पुत्री |
| | ✓ 3. भाई की पत्नी |
| | ✗ 4. पत्नी |

| | |
|---|---|
| Q.10 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>107 114 128 156 205 ? |
| Ans | ✗ 1. 254 |
| | ✗ 2. 262 |
| | ✓ 3. 282 |
| | ✗ 4. 233 |

| | |
|---|---|
| Q.11 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'<br>'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'<br>'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'<br>'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'<br>उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'C+V÷R×N–M' है, तो C का M से क्या संबंध है? |
| Ans | ✓ 1. भाई की पत्नी का भाई |
| | ✗ 2. पत्नी के पिता |
| | ✗ 3. भाई की पत्नी के पिता |
| | ✗ 4. पत्नी का भाई |

| | |
|---|---|
| Q.12 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ 1. BX-CS |
| | ✓ 2. UO-VL |
| | ✗ 3. XT-YO |
| | ✗ 4. RN-SI |

| Q.13 | दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए, जब दर्पण को नीचे दर्शाए अनुसार MN पर रखा जाता है।   |
|---|---|
| Ans | ✔ 1.  |
| | ✘ 2.  |
| | ✘ 3.  |
| | ✘ 4.  |

| Q.14 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'GEAR' को '5273' और 'MASK' को '4162' लिखा जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' का कूट क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. 2 |
| | ✘ 2. 3 |
| | ✘ 3. 6 |
| | ✘ 4. 4 |






| | |
|---|---|
| Q.15 | एक निश्चित तर्क के अनुसार, 5, 81 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार, 2, 9 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार, 6, दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी है। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना अनुमत है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।) |
| Ans | ✔ 1. 121 |
| | ✘ 2. 144 |
| | ✘ 3. 169 |
| | ✘ 4. 164 |

| | |
|---|---|
| Q.16 | छह मित्र, R, S, T, G, H और I, एक ही इमारत की छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।<br>S के ऊपर कोई नहीं रहता है। S और R के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। I किसी विषम संख्या वाले तल पर रहता है, लेकिन सबसे निचले तल पर नहीं रहता है। I और H के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। T, I के ठीक नीचे रहता है।<br>G और I के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं? |
| Ans | ✘ 1. एक |
| | ✔ 2. तीन |
| | ✘ 3. दो |
| | ✘ 4. एक भी नहीं |

| | |
|---|---|
| Q.17 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✘ 1. JA-QG |
| | ✘ 2. LC-SI |
| | ✔ 3. YP-FB |
| | ✘ 4. OF-VL |

| | |
|---|---|
| Q.18 | यदि '+' का अर्थ '−' है, '−' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है, और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>112 ÷ 48 × 2 + 15 − 6 = ? |
| Ans | ✔ 1. 46 |
| | ✘ 2. 32 |
| | ✘ 3. 52 |
| | ✘ 4. 38 |

| | |
|---|---|
| Q.19 | शिखर, बिंदु A से शुरू करते हुए पूर्व की ओर 3 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है और 4 km ड्राइव करके बिंदु P पर पहुँचकर रुक जाता है। वहाँ से बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।) |
| Ans | ✘ 1. 3 km, उत्तर की ओर |
| | ✘ 2. 4 km, दक्षिण की ओर |
| | ✘ 3. 4 km, उत्तर की ओर |
| | ✔ 4. 3 km, दक्षिण की ओर |

| | |
|---|---|
| Q.20 | उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए, जिसमें दी गई आकृति (X) उसके भाग के रूप में अंतर्निहित है। (आकृति को घुमाने की अनुमति नहीं है)<br><br>(X) |
| Ans | 1. ✗  |
| | 2. ✗  |
| | 3. ✗  |
| | 4. ✓  |

Section : **English**

| | |
|---|---|
| Q.1 | Select the most appropriate verb to fill in the blank.<br><br>By the time they arrive, the team ___ the project and will be ready for the final presentation. |
| Ans | ✗ 1. will complete |
| | ✗ 2. had completed |
| | ✓ 3. will have completed |
| | ✗ 4. completes |

| | |
|---|---|
| Q.2 | **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**<br><br>**Elvis has left the building** |
| Ans | ✗ 1. To surpass the fame and wealth of famous American singer and actor, Elvis Presley |
| | ✓ 2. To humorously emphasise that something is definitely over or that someone has gone and will not return |
| | ✗ 3. To create unrealistic and impossible dreams or plans of becoming a famous singer like Elvis Presley |
| | ✗ 4. To to take inspiration from famous American singer Elvis Presley's songs to move forward in life |

| | |
|---|---|
| Q.3 | **Select the most appropriate meaning of the given proverb.**<br><br>**Fortune favours the brave.** |
| Ans | ✗ 1. Courageous people do not depend on good fortune. |
| | ✗ 2. Fortune is erratic and has nothing to do with courage. |
| | ✗ 3. Smart people know that fortune is often arbitrary. |
| | ✓ 4. Courageous actions are often rewarded amply. |

| | |
|---|---|
| Q.4 | **Select the INCORRECTLY spelt word.** |
| Ans | ✓ 1. Leiutenant |
| | ✗ 2. Entrepreneur |
| | ✗ 3. Fluorescents |
| | ✗ 4. Liaison |

| Q.5 | Select the option that can be used as a one-word substitute for the underlined phrase in the following sentence.<br><br>The typical way of talking to a baby - high pitched, exaggerated and repetitious - is a source of fascination for people studying the structure and development of languages, who hope to understand how 'baby talk' impacts learning. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. historians |
| | ✗ 2. monolinguists |
| | ✓ 3. linguists |
| | ✗ 4. archeologists |

| Q.6 | Select the most appropriate option to fill in the blank.<br><br>The artist painted the scenery _______, capturing every detail with precision. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. indifferently |
| | ✗ 2. carelessly |
| | ✗ 3. hurriedly |
| | ✓ 4. meticulously |

| Q.7 | Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.<br><br>We must remember to interpret ancient scriptures in a figurative sense. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. Theoretical |
| | ✗ 2. Inimical |
| | ✓ 3. Literal |
| | ✗ 4. Impossible |

| | |
|---|---|
| Q.8 | Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.<br>A. He had no formal education beyond the fifth Gujarati standard, yet his practical wisdom helped him manage complex affairs which impressed his chiefs.<br>B. My father served as Prime Minister in several princely states and was known for his integrity even without a decent educational background.<br>C. His loyalty to his chiefs was unwavering, once even leading to a brief detention when he refused to apologise to a British agent.<br>D. Though he was strict, he commanded deep respect within the family and in court circles. |
| Ans | ✔ 1. BADC |
| | ✘ 2. ADBC |
| | ✘ 3. CDAB |
| | ✘ 4. BCAD |

| | |
|---|---|
| Q.9 | Select the most appropriate article to fill in the blank. If no article is needed, select 'No article required'.<br><br>_______________ man standing over there looks suspicious. |
| Ans | ✘ 1. No article required |
| | ✘ 2. A |
| | ✔ 3. The |
| | ✘ 4. An |

| | |
|---|---|
| Q.10 | Select the most appropriate option to fill in the blank.<br><br>He walked ___________ through the bazaar, strong in the legs. |
| Ans | ✔ 1. confidently |
| | ✘ 2. damply |
| | ✘ 3. explosively |
| | ✘ 4. gigantically |

| | |
|---|---|
| Q.11 | Select the correct spelling of the highlighted incorrectly spelt word in the given sentence. If there is no error, select 'No correction required'.<br><br>Anderson has (unfairly) earned a reputation as a maker of fidgety little cinematic dioramas, meticulously designed but heremetically sealed off from reality. |
| Ans | ✔ 1. hermetically |
| | ✘ 2. No correction required |
| | ✘ 3. hearmetically |
| | ✘ 4. harmetically |

| | |
|---|---|
| Q.12 | Select the option that can be used as a one-word substitute for the underlined phrase in the following passage.<br><br>People who thought that the<u>person who wrote the music</u> was a computer tended to dislike the piece more than those who believed it was human. This was true even among the experts, who might have been expected to be more objective in their analyses. |
| Ans | ✔ 1. composer |
| | ✘ 2. vocalist |
| | ✘ 3. quixotic |
| | ✘ 4. ventriloquist |

| | |
|---|---|
| Q.13 | Select the most appropriate meaning of the underlined word in the given sentence.<br><br>He remained <u>placid</u> even when provoked by his opponents. |
| Ans | ✗ 1. Suspicious |
| | ✗ 2. Talkative |
| | ✓ 3. Calm |
| | ✗ 4. Arrogant |

| | |
|---|---|
| Q.14 | Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.<br><br>(A) Automation and robotics are transforming industrial production.<br>(B) With AI-driven machines, efficiency has drastically improved in manufacturing.<br>(C) However, concerns over job displacement continue to grow.<br>(D) Companies are balancing innovation with workforce reskilling to mitigate unemployment. |
| Ans | ✗ 1. CBAD |
| | ✗ 2. ACBD |
| | ✓ 3. ABCD |
| | ✗ 4. BCDA |

| | |
|---|---|
| Q.15 | Select the most appropriate option to fill in the blank.<br><br>The students visited _____ Metropolitan Museum of Art during their educational trip to New York. |
| Ans | ✗ 1. a |
| | ✗ 2. No article required |
| | ✓ 3. the |
| | ✗ 4. an |

| | |
|---|---|
| | Comprehension: |

Read the given passage and answer the questions that follow.

For more than half a century, a specialised Italian police unit has been confiscating valuable artefacts from the black market. Some 15,000 recovered items are housed at the National Archaeological Museum of Naples—and now, the museum is displaying 600 of them for the first time.

Titled 'Treasures Rediscovered: Stories of Crime and Stolen Artefacts', the exhibition focuses not only on ancient artworks, but also on the 'often complex dynamic' of illegal trafficking that brought these items to the museum, according to a statement.

“It is a beautiful exhibition that tells a beautiful story, a story also of redemption for our stolen archaeological artefacts, which often find their way into private property or even international museums”, exhibition co-curator Massimo Osanna, Director of National Museums at Italy’s Culture Ministry, tells the Associated Press’ Francesco Sportelli. “Thanks to the work of the public prosecutor’s office and the police, together with the ministry, [these artefacts] are finally coming home and to light.”

Strict laws govern the ownership of archaeological artefacts in Italy. Looting has been happening for centuries, but today’s criminals have turned to advanced technologies—including sonar, drones and underwater metal detectors—to pluck treasure from shipwrecks and other ancient sites beneath the Mediterranean Sea, per the AP.

The exhibition begins with a history of collecting, which has long fueled illegal excavations and trafficking. Visitors learn about international markets and law enforcement, important court cases and the stories of looted items that haven’t yet been recovered.

| | |
|---|---|
| | **SubQuestion No : 16** |
| **Q.16** | **Which of the following statements is true, based on the passage?** |
| **Ans** | ✗ 1. The items displayed at the museum in Naples have all been recovered recently, thanks to the efforts of a specialised police unit. |
| | ✓ 2. The exhibition in Naples not only displays artefacts, but also educates the public about their background and trafficking. |
| | ✗ 3. 15,000 artefacts were stolen from Italy’s museums, before they were recovered thanks to the efforts of the police and the public prosecutor. |
| | ✗ 4. Sonar, drones and underwater metal detectors are the tools that criminals must use to steal these artefacts. |

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |
| | Read the given passage and answer the questions that follow.<br><br>For more than half a century, a specialised Italian police unit has been confiscating valuable artefacts from the black market. Some 15,000 recovered items are housed at the National Archaeological Museum of Naples—and now, the museum is displaying 600 of them for the first time.<br><br>Titled 'Treasures Rediscovered: Stories of Crime and Stolen Artefacts', the exhibition focuses not only on ancient artworks, but also on the 'often complex dynamic' of illegal trafficking that brought these items to the museum, according to a statement.<br><br>“It is a beautiful exhibition that tells a beautiful story, a story also of redemption for our stolen archaeological artefacts, which often find their way into private property or even international museums”, exhibition co-curator Massimo Osanna, Director of National Museums at Italy’s Culture Ministry, tells the Associated Press’ Francesco Sportelli. “Thanks to the work of the public prosecutor’s office and the police, together with the ministry, [these artefacts] are finally coming home and to light.”<br><br>Strict laws govern the ownership of archaeological artefacts in Italy. Looting has been happening for centuries, but today’s criminals have turned to advanced technologies—including sonar, drones and underwater metal detectors—to pluck treasure from shipwrecks and other ancient sites beneath the Mediterranean Sea, per the AP.<br><br>The exhibition begins with a history of collecting, which has long fueled illegal excavations and trafficking. Visitors learn about international markets and law enforcement, important court cases and the stories of looted items that haven’t yet been recovered. |
| | **SubQuestion No : 17** |
| **Q.17** | **Which of the following statements accurately describes the structure of the passage?** |
| **Ans** | ✗ 1. The passage describes the exhibition, then goes on to discuss the problem of trafficking of artefacts, before ending with how the exhibition is organised. |
| | ✗ 2. The passage describes the problem of looting of artefacts in Italy, before going on to specify how this exhibition will help to raise awareness about the issue. |
| | ✓ 3. The passage describes the title and content of the exhibition, before focusing on the problems that led to the need for such an exhibition in the first place. |

| | |
|---|---|
| | ✗ 4. The passage describes what the exhibition is about, before ending with a quote from an official from the Culture Ministry, specifying how important the exhibition is. |

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |
| | Read the given passage and answer the questions that follow.<br><br>For more than half a century, a specialised Italian police unit has been confiscating valuable artefacts from the black market. Some 15,000 recovered items are housed at the National Archaeological Museum of Naples—and now, the museum is displaying 600 of them for the first time.<br><br>Titled 'Treasures Rediscovered: Stories of Crime and Stolen Artefacts', the exhibition focuses not only on ancient artworks, but also on the 'often complex dynamic' of illegal trafficking that brought these items to the museum, according to a statement.<br><br>"It is a beautiful exhibition that tells a beautiful story, a story also of redemption for our stolen archaeological artefacts, which often find their way into private property or even international museums", exhibition co-curator Massimo Osanna, Director of National Museums at Italy's Culture Ministry, tells the Associated Press' Francesco Sportelli. "Thanks to the work of the public prosecutor's office and the police, together with the ministry, [these artefacts] are finally coming home and to light."<br><br>Strict laws govern the ownership of archaeological artefacts in Italy. Looting has been happening for centuries, but today's criminals have turned to advanced technologies—including sonar, drones and underwater metal detectors—to pluck treasure from shipwrecks and other ancient sites beneath the Mediterranean Sea, per the AP.<br><br>The exhibition begins with a history of collecting, which has long fueled illegal excavations and trafficking. Visitors learn about international markets and law enforcement, important court cases and the stories of looted items that haven't yet been recovered. |

| | |
|---|---|
| | **SubQuestion No : 18** |
| **Q.18** | **Which of the following statements accurately describes the central theme of the passage?** |
| **Ans** | ✗ 1. The passage focuses on an exhibition that displays recovered stolen artefacts, and why it is interesting. |

| | |
|---|---|
| | ✗ 2. The passage focuses on a specialised Italian police unit's stellar work in retrieving stolen artefacts. |
| | ✗ 3. The passage focuses on the strict laws governing the ownership of archaeological artefacts in Italy, and why these laws are necessary. |
| | ✓ 4. The passage focuses on the problem of artefact stealing and trafficking in Italy, and describes how this exhibition can combat the issue. |

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |
| | Read the given passage and answer the questions that follow.<br><br>For more than half a century, a specialised Italian police unit has been confiscating valuable artefacts from the black market. Some 15,000 recovered items are housed at the National Archaeological Museum of Naples—and now, the museum is displaying 600 of them for the first time.<br><br>Titled 'Treasures Rediscovered: Stories of Crime and Stolen Artefacts', the exhibition focuses not only on ancient artworks, but also on the 'often complex dynamic' of illegal trafficking that brought these items to the museum, according to a statement.<br><br>"It is a beautiful exhibition that tells a beautiful story, a story also of redemption for our stolen archaeological artefacts, which often find their way into private property or even international museums", exhibition co-curator Massimo Osanna, Director of National Museums at Italy's Culture Ministry, tells the Associated Press' Francesco Sportelli. "Thanks to the work of the public prosecutor's office and the police, together with the ministry, [these artefacts] are finally coming home and to light."<br><br>Strict laws govern the ownership of archaeological artefacts in Italy. Looting has been happening for centuries, but today's criminals have turned to advanced technologies—including sonar, drones and underwater metal detectors—to pluck treasure from shipwrecks and other ancient sites beneath the Mediterranean Sea, per the AP.<br><br>The exhibition begins with a history of collecting, which has long fueled illegal excavations and trafficking. Visitors learn about international markets and law enforcement, important court cases and the stories of looted items that haven't yet been recovered. |

| | |
|---|---|
| | **SubQuestion No : 19** |
| **Q.19** | **Select the most appropriate ANTONYM of the word 'redemption', as used in the passage?** |
| **Ans** | ✗ 1. Amelioration |
| | ✗ 2. Forgiveness |
| | ✗ 3. Improvement |
| | ✓ 4. Violation |

| | **Comprehension:** |
|---|---|
| | Read the given passage and answer the questions that follow.<br><br>For more than half a century, a specialised Italian police unit has been confiscating valuable artefacts from the black market. Some 15,000 recovered items are housed at the National Archaeological Museum of Naples—and now, the museum is displaying 600 of them for the first time.<br><br>Titled 'Treasures Rediscovered: Stories of Crime and Stolen Artefacts', the exhibition focuses not only on ancient artworks, but also on the 'often complex dynamic' of illegal trafficking that brought these items to the museum, according to a statement.<br><br>“It is a beautiful exhibition that tells a beautiful story, a story also of redemption for our stolen archaeological artefacts, which often find their way into private property or even international museums”, exhibition co-curator Massimo Osanna, Director of National Museums at Italy’s Culture Ministry, tells the Associated Press’ Francesco Sportelli. “Thanks to the work of the public prosecutor’s office and the police, together with the ministry, [these artefacts] are finally coming home and to light.”<br><br>Strict laws govern the ownership of archaeological artefacts in Italy. Looting has been happening for centuries, but today’s criminals have turned to advanced technologies—including sonar, drones and underwater metal detectors—to pluck treasure from shipwrecks and other ancient sites beneath the Mediterranean Sea, per the AP.<br><br>The exhibition begins with a history of collecting, which has long fueled illegal excavations and trafficking. Visitors learn about international markets and law enforcement, important court cases and the stories of looted items that haven’t yet been recovered. |

| | **SubQuestion No : 20** |
|---|---|
| **Q.20** | **Which of the following is the most suitable title for the passage?** |
| **Ans** | ✗ 1. The National Archaeological Museum of Naples: A Trailblazing Exhibition |
| | ✗ 2. The History of Collecting and Trafficking of Artefacts |
| | ✗ 3. The Problem of Stolen Artefacts in Italy |
| | ✓ 4. A Unique Exhibition of Stolen Artefacts |